भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2116

जिसका उत्तर 12 मार्च, 2025 को दिया जाना है

'शक्ति नीति' के तहत नीलामी

2116. श्री राधेश्याम राठियाः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 'शक्ति नीति' के अंतर्गत लिंकेज नीलामी के माध्यम से कितने लाभार्थियों ने सफलतापूर्वक कोयला बुक किया है;

(ख) पिछले नीलामी चक्रों की तुलना में कोयले की बुकिंग करने वाले ऐसे लाभार्थियों की संख्या में हुई वृद्धि अथवा कमी का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं कि और अधिक बोलीकर्ताओं की भावी नीलामियों तक पहुंच हों और वे इससे लाभान्वित हों?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : कोयला कंपनियों द्वारा नीलामी कार्यतंत्र के माध्यम से विद्युत क्षेत्र के उपभोक्ताओं को कोयला लिंकेज शक्ति नीति के पैरा बी (iii) और बी (viii) (ए) के तहत प्रदान किए जाते हैं।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में रायगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कोयले की बुकिंग केवल शक्ति बी (viii) (ए) में हुई है। शक्ति नीति के पैरा बी (viii) (ए) के तहत छत्तीसगढ़ के रायगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एसईसीएल से कोयला बुक करने वाले सफल बोलीदाताओं की संख्या निम्नानुसार है:

राउंड/दौर	सफल बोली मात्रा (मिलियन टन में)	सफल बोलीदाताओं की संख्या
पहला दौर	-	-
दूसरा दौर	-	-

तीसरा दौर	-	-
चौथा दौर	-	-
पांचवा दौर	0.06	1
छठा दौर	-	-
सातवां दौर	0.28	4
आठवां दौर	0.52	3
नौवां दौर	0.75	9
दसवां दौर	0.53	7
ग्यारहवां दौर	0.37	6
बारहवां दौर	0.48	9
तेरहवां दौर	0.50	5
चौदहवां दौर	1.24	7
पंद्रहवां दौर	1.09	9
सोलहवां दौर	1.13	10
सत्रहवां दौर	0.20	4
अठारहवां दौर	0.08	1
उन्नीसवां दौर	0.09	2
बीसवां दौर	0.28	2
इक्कीसवां दौर	0.28	5
कुल	**7.88**	**84**

(ग) : कोल इंडिया लिमिटेड शक्ति नीति के पैरा बी (iii) और पैरा बी (viii) (ए) के अंतर्गत आवधिक रूप से इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म पर पारदर्शी तरीके से कोयला लिंकेजों की नीलामी करती है जहां पात्र बोलीदाता कोयला लिंकेज प्राप्त करने के लिए भाग ले सकते हैं। शक्ति बी (iii) और बी (viii) (ए) लिंकेज नीलामियों में भागीदारी के लिए विद्युत संयंत्रों की पात्रता का आकलन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा किया जाता है।

*****